मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः08.03.2026

पुलिस आपातकालीन सेवा 🚖 यूपी-112 पर बार-बार गलत/झूठी सूचना देने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार —

अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर के द्वारा जनपद में पुलिस आपातकालीन सेवा यूपी-112 पर प्राप्त होने वाले सभी इवेंट पर पीआरवी वाहन के कमाण्डर एवं सब कमाण्डर द्वारा अल्प समय में मौके पर पहुंचकर पुलिस सहायता/नियमानुसार कार्यवाही करने तथा यूपी-112 सेवा को और अधिक बेहतर बनाये जाने हेतु निर्देश दिए गये है।

उक्त निर्देश के क्रम में आज दिनांक:08.03.2026 को समय करीब 10:33 बजे पीआरवी-2446 थाना चील्ह पर कॉलर-अजय यादव द्वारा 03 लोगों की हत्या हो जाने के सम्बन्ध में सूचना दी गयी। जिसकी जांच पीआरवी-2446 पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा मौके पर जाकर की गयी तो पाया गया कि कॉलर(सूचना प्रदाता) एवं एक अन्य व्यक्ति नशे की हालत में थे, जिनसे पूछताछ करने पर आक्रामक हो गये, जिन्हे समझाने बुझाने का प्रयास किया गया किन्तु नहीं मान रहे थे और यह भी पाया गया कि इनके द्वारा नशे की हालत में सूचना दी गयी थी जो असत्य एवं निराधार है। इस प्रकार कॉलर द्वारा अनावश्यक रूप से पुलिस को परेशान करने की नीयत से झूठी/फर्जी सूचना देने पर 1.अजय यादव पुत्र लाल बहादुर यादव उम्र करीब 30 वर्ष व 2.राहुल कुमार गुप्ता पुत्र रमाशंकर गुप्ता उम्र करीब-22 वर्ष निवासीगण ग्राम चेकसारी थाना चील्ह जनपद मीरजापुर को पुलिस हिरासत में लेकर मा0न्यायालय/जेल भेजा गया। पूर्व में भी इनके द्वारा कई बार इसी प्रकार से असत्य/भ्रामक सूचना यूपी-112 पर दी जा चुकी है।

पुलिस आपातकालीन सेवा यूपी-112 🚓 पर गलत/भ्रामक सूचना देने वालों को चिह्नित किया जा रहा है, ऐसे लोगों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। अतः आप सभी सम्मानित जनपदवासियों से अनुरोध है कि वास्तविक/आपत परिस्थितियों में ही पुलिस की त्वरित सहायता यूपी-112 डॉयल कर पुलिस सहायता प्राप्त करें।

स्वास्थ्य मिशन
दिखाएं
पर टीका